बरेली, बुधवार
3 अप्रैल, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

PAGE NO. 02 : BOTTOM

आइएमएस-ए की टीम बनी चैंपियन

- एसआरएमएस आमोद क्रिकेट कप का फाइनल
- आइएमएस-ए ने सीईटी-ए को पांच विकेट से हराया

जागरण संवाददाता, बरेली : आइएमएस-ए ने सीईटी-ए को पांच विकेट से हराकर एसआरएमएस आमोद क्रिकेट कप की ट्राफी जीती। सीईटी-ए के स्कोर 97 को आइएमएस-ए की टीम ने 17 ओवर में हासिल कर लिया। चार विकेट लेकर सीईटी-ए की टीम को नियंत्रण में रखने वाले डा. फैज मैन आफ द मैच बने। टूर्नामेंट में 150 रन के साथ दो विकेट लेने वाले सीईटी-ए के उमंग मैन आफ द टूर्नामेंट रहे।

एसआरएमएस आमोद क्रिकेट कप 2024 के पांचवें दिन मंगलवार को श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग के क्रिकेट स्टेडियम में आइएमएस-ए और सीईटी-ए के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। इसमें आइएमएस-ए के कप्तान डा. रेहान अली ने टास जीतकर सीईटी-ए को पहले खेलने को बुलाया। डा. फैज ने पहले ही ओवर में सीईटी-ए के कप्तान विश्वजीत को अपनी ही गेंद पर कैच लेकर बड़ा झटका दिया। सीईटी-ए की पूरी टीम 18.1 ओवर में 97 रन बना कर पैवेलियन लौट गई। सीईटी-ए के लिए सबसे ज्यादा 18 रन अतिरिक्त के रूप में बने। जवाब में आइएमएस-ए की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। दूसरे ही ओवर में टीम के सात रन के स्कोर पर डा. सौरभ सिंह एलबीडब्ल्यू होकर लौटे। 14वें, 15वें और 16वें ओवर में सीईटी-ए के गेंदबाजों ने 1-1 विकेट निकालकर मैच में फिर से वापसी करने की कोशिश की, लेकिन तब तक आइएमएस-ए का स्कोर 88 पहुंच चुका था। फलस्वरूप 17वें ओवर में आईएमएस-ए ने विजयी लक्ष्य हासिल कर आमोद क्रिकेट कप अपने नाम किया।

मैन आफ द मैच डा. फैज को पुरस्कार देते आदित्यमूर्ति● सौ.-संस्थान